CLASS NOTES-ANSWERS

अभ्यास

पाठ ज्ञान

1) नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दो।

मौखिक

(क)यह पत्र किसने और कहाँ से लिखा?

उत्तर: यह पत्र गाँधीजी ने प्रिटोरिया जेल, दक्षिण अफ्रीका से लिखा।

(ख)गाँधी जी को महीने में कितने पत्र लिखने का अधिकार मिला है?

उत्तर: गाँधी जी को हर महीने एक पत्र लिखने का अधिकार मिला था।

(ग)गाँधी जी ने सच्ची शिक्षा किसे कहा है?

उत्तर: गाँधी जी ने चरित्र निर्माण और कर्तव्य के बोध को सच्ची शिक्षा कहा है।

(घ)"बागवानी" से गाँधी जी का क्या आशय है?

उत्तर: "बागवानी" से गाँधीजी का आशय है अपने हाथों से ज़मीन गोडना, खुरपी चलाना, निराई करना आदि खूब काम करना ।

लिखित

(क)गाँधीजी अपने पुत्र को किस रूप में देखना चाहते थे और इसके लिए उन्होंने क्या सलाह दी?

उत्तर: गाँधीजी अपने पुत्र को एक योग्य किसान के रूप में देखना चाहते थे। इसकेलिए सभी औजारों को साफ़ और सुव्यवस्थित रखने की उन्होंने सलाह भी दी।

(ख)गाँधीजी ने किन तीन बातों को संसार में महत्वपूर्ण बताया है?

उत्तर: अपनी आत्मा का, अपने आप का और ईश्वर का सच्चा ज्ञान प्राप्त करना-इन तीन बातों को गाँधी जी ने संसार में महत्वपूर्ण बताया है

(ग)अक्षर ज्ञान किसलिए होता है?

उत्तर: अक्षर ज्ञान के माध्यम से व्यक्ति अपने प्राप्त ज्ञान को लिखकर दूसरों को प्रदान कर

सकता है।

(ङ)काम की अधिकता होने पर क्या करना चाहिए?

उत्तर: काम की अधिकता होने पर मनुष्य को घबराना नहीं चाहिए और न ही यह सोचना चाहिए कि यह कैसे होगा, और पहले क्या करें।

1) खाली स्थान में उचित शब्द भरकर वाक्य पूरे करो।

(क)बा और तुम लोग सवेरे दूध के साथ साबूदाना बराबर लेते होंगे ।

(ख)सच्ची शिक्षा तो चरित्र निर्माण और कर्तव्य का बोध कराती है ।

(ग)आमोद प्रमोद एक निश्चित आयु तक ही शोभा देते है ।

(घ)भविष्य में हमें अपना जीवन निर्वाह इसी से करना है ।

(ङ)सूर्योदय से पहले उठकर प्रार्थना करना बहुत ही अच्छा है ।

भाषा ज्ञान

1) पढो और समझो।

नीचे दिए शब्दों में 'र' के तीनों रूपों( )का उचित स्थान पर प्रयोग करो।

पूर्ण	प्रमोद	निर्वाह	ट्रक
वर्षा	संग्रह	मेट्रो	प्रार्थना
कर्तव्य	निर्माण	राष्ट्र	सूर्योदय

2) नीचे दिए शब्दों में सही जगह पर नुक्ता लगाकर शब्द दोबारा लिखो।

जमीन	-	ज़मीन	सब्जी	-	सब्ज़ी
कागज	-	कागज़	बर्फ	-	बर्फ़
आवाज	-	आवाज़	फसल	-	फ़सल

3) नीचे दिए शब्दों के अर्थ हिंदी और अपनी मातृ भाषा में लिखो।

Opportunity	-अवसर	Interest	-रुची
Precious	-मूल्यवान	Kindness	-दयालुता

THE GARDEN SCHOOL